भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2646**
दिनांक 9 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

**समुद्री आहार का निर्यात**

**2646. श्री नलीन कुमार कटील:**
**श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:**
**श्री डी.के. सुरेश:**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारत के समुद्री आहार संबंधी निर्यात का ब्यौरा क्या है;
**(ख)** क्या यह सच है कि भारत के समुद्री आहार की मांग अन्य देशों में बढ़ रही है;
**(ग)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
**(घ)** क्या इसकी मात्रा में 13.7 प्रतिशत और मूल्य में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
**(ड.)** क्या यह शोधपरक तथ्य है कि वर्ष 2019 में भारत के समुद्रीय आहार निर्यात में, भारतीय उत्पादों की बढ़ती मांग को स्पष्ट रूप से परिलक्षित करते हुए, 17 से 18 प्रतिशत की वृद्धि होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क)से(ड.):** वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक भारत से निर्यात किए गए प्रमुख समुद्री खाद्य पदार्थ समूह की वार्षिक वृद्धि के साथ-साथ उसकी मात्रा, मूल्य और चालू वर्ष के अप्रैल महीने के उपलब्ध नवीनतम आंकड़े निम्नानुसार हैं :

| **भारत से समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात का मूल्य (मिलियन अमेरीकी डॉलर)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एचएस कोड | मद | 2016-2017 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 (अप्रैल 2019) |
| 03 | मछली एवं कड़े खोल वाले जीव, घोंघे एवं बगैर रीढ़ वाले अन्य जलीय जीव | 5501.05 | 6,850.91 | 6,256.57 | 429.67 |
| | वार्षिक वृद्धि | 22.6% | 24.5% | -8.7% | -- |
| **भारत से समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात की मात्रा (हजार टन)** | | | | | |
| एचएस कोड | मद | 2016-2017 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 (अप्रैल 2019) |
| 03 | मछली एवं कड़े खोल वाले जीव, घोंघे एवं बगैर रीढ़ वाले अन्य जलीय जीव | 1023.62 | 1283.04 | 1279.72 | 98.40 |
| | वार्षिक वृद्धि (%) | 23.3% | 25.3% | -0.3% | -- |

स्रोत: वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय

******